हिन्दुस्तान 02
मंगलवार, 6 दिसंबर 2022
www.livehindustan.com

# तीरंदाजी के कंपाउंड राउंड में कुशल दलाल अव्वल रहे

- महिला वर्ग में नीतू मलिक ने जीता खिताब
- अगले मुकाबले की तैयारी के लिए प्रेरित किया

फरीदाबाद, संवाददाता। अंतर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन अग्रवाल महाविद्यालय में किया गया। इसमें इंडियन, रिकर्व और कम्पाउंड की प्रतिस्पर्धा कराई गई। इस प्रतियोगिता के कंपाउंड राउंड के छात्र वर्ग में कुशल दलाल ने प्रथम, मोहित ने दूसरा और पुलकित कजला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं महिला वर्ग में नीतू मलिक ने प्रथम, मुस्कान सैनी ने दूसरा, और शिवानी देशवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता ने सभी खिलाडियों को हार जीत से ऊपर उठकर खेल को खेल की भावना से खेलने और स्वर्णिम भविष्य की कामना दी। इस अवसर पर संयोजक (खेल समीति) डॉ के एल कौशिक जी ने बताया कि खेल ही शारीरिक शक्ति का विपुल भण्डार है। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में आशा, स्फूर्ति एवं नवीन ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में सुभाष शर्मा, कमल टंडन, रविन्द्र जैन, डॉ मनोज शुक्ला, डॉ नरेश कामरा, डॉ जयपाल सिंह, डॉ रामचंद्र आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ।